ख हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **राजस्व आवेदन संख्या 245/2012 अनवान केवलराम बनाम तहसीलदार बाड़मेर**	नम्बर व तारीखअहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए
	राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार–2018 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय पर न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से पक्षकारान अटल सेवा केन्द्र बिशाला पर जरिये नोटिस तलब होकर पत्रावली दिनाक 23.05.2018 को अटल सेवा केन्द्र बिशाला पर पत्रावली पेश हो। उपखण्ड अधिकारी, (एसडीओ) बाड़मेर	
23.05.2018	यह पत्रावली बमुकाम अटल सेवा केन्द्र बिशाला पर पेश हुई। प्रार्थीगण अनुपस्थित। अप्रार्थी संख्या 01 तहसीलदार बाड़मेर उपस्थित। अप्रार्थी संख्या 02 सरपंच ग्राम पंचायत बिशाला भी उपस्थित। प्रार्थीगण ने राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए अंकित किया है कि प्रार्थीगण ग्राम पंचायत बिशाला की आबादी भूमि के खसरा नम्बर 963/575 रकबा 21.00 बीघा गै.मु. आबादी भूमि में रहते है। प्रार्थीगण का आबादी भूमि में निवास है। प्रार्थीगण ने अपने कब्जे वाली भूमि को आवेदन के संलग्न नक्शा में बरंग हरा से दर्शाया है। प्रार्थीगण के कब्जे वाली भूमि के पास राजकीय माध्यमिक विद्यालय की 12.00 बीघा भूमि भी स्थिति है, जिसे नक्शा में बरंग आसमानी से दर्शाया है। उक्त भूमि राजकीय माध्यमिक विद्यालय को खेलकूद मैदान हेतु आवंटित है। उक्त भूमि की तरमीम लठ्ठा ट्रेस मे मौके के अनुसार नही करने पर अप्रार्थी संख्या 02 सरपंच ग्राम पंचायत बिशाला द्वारा प्रार्थीगण को बेदखल करने पर उतारू है। ऐसी स्थिति में अप्रार्थीगण के विरूद्ध अस्थाई निषेधाज्ञा जारी कर प्रार्थीगण की कब्जे वाली भूमि की तरमीम मौके के अनुसार लठ्ठा ट्रेस में किये जाने का आदेश प्रदान करावें। प्रकरण पंजीयन कर अप्रार्थीगण को सुनवाई हेतु सम्मन जारी किये गये एवं प्रार्थीगण के कब्जे वाली भूमि में मौके की यथा स्थिति बनाये रखे जाने हेतु प्रार्थीगण के पक्ष मे अस्थाई निषेधाज्ञा दिनांक 07.09.2012 को जारी की गई। अप्रार्थी संख्या 02 सरपंच ग्राम पंचायत बिशाला ने अपने जवाब में अंकित किया है कि राजकीय	

उप खण्ड अधिकारी
बाड़मेर

Scanned by CamScanner

तारीख हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज राजस्व आवेदन संख्या 245/2012 अनवान केवलराम बनाम तहसीलदार बाड़मेर
	खेलकूद मैदान हेतु खसरा नम्बर 960/575 रकबा 12.00 बीघा भूमि आवंटन की गई थी, जिस पर प्रार्थीगण का अतिक्रमण है। ग्राम पंचायत बिशाला द्वारा उक्त अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालय हेतु आंवटित भूमि पर ग्राम पंचायत बिशाला द्वारा चार दिवारी का निर्माण करवाया जा रहा है, जिसमें प्रार्थीगण बाधा उत्पन्न कर रहे है। ग्राम पंचायत बिशाला की आबादी भूमि खसरा नम्बर 963/575 रकबा 21.00 बीघा में प्रार्थीगण की कोई चल व अचल सम्पति नही है और न ही उनका कब्जा है। विद्यालय के खेलकूद के मैदान हेतु आवंटित भूमि की तरमीम सही की गई है, जिसे संशोधन करवाये जाने का प्रार्थीगण को कोई अधिकार नही है। ऐसी स्थिति में प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र निराधार होने से निरस्त किया जावे एवं न्यायालय द्वारा जारी स्थगन आदेश को भी निरस्त फरमावें। तहसीलदार बाडमेर से वादग्रस्त भूमि के बारे में मौका प्रतिवेदन तलब किया गया। तहसीलदार बाडमेर ने शिविर में मौका प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें स्पष्ट अंकित किया गया है कि विद्यालय के मैदान हेतु आंवटित भूमि पर शिक्षा विभाग द्वारा कब्जा नही करने पर ग्रामीणों द्वारा आबादी भूमि से लगती भूमि पर अतिक्रमण किया गया। विद्यालय के खेलकूद मैदान हेतु आंवटित खसरा नम्बर 960/575 है जो राजस्व अभिलेख में विद्यालय के खेल मैदान हेतु रेकर्ड में अंकित है। प्रार्थीगण द्वारा ओरण भूमि की तरमीम अपने पक्ष में चाही है, जो राज्य सरकार द्वारा ऐसी भूमियां प्रतिबन्धित श्रेणी में आने से प्रार्थीगण के पक्ष में तरमीम किया जाना निषेध है। उपरोक्त विवेचन एवं तहसीलदार बाडमेर के प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि प्रार्थीगण द्वारा तरमीम दुरूस्त हेतु प्रस्तावित भूमि मौके पर गै.मु. ओरण भूमि है। ओरण भूमि में किसी के भी पक्ष में भूमि का आंवटन एवं तरमीम संशोधन कराने का कोई प्रावधान नियमों में नही है। अतः प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन सारहीन एवं निराधार होने से निरस्त किया जाता है एवं इस प्रकरण में दिनांक 07.09.2012 को

उपखण्ड अधिकारी
बाड़मेर

Scanned by CamScanner

...ख हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज राजस्व आवेदन संख्या 245/2012 अनवान केवलराम बनाम तहसीलदार बाड़मेर	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
उप खण्ड अधिकारी बाड़मेर	जारी अस्थाई निषेधाज्ञा भी निरस्त की जाती है। आदेश मजमे आम में सुनाया गया। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी, (एसडीओ) बाड़मेर	

Scanned by CamScanner